# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## -: युवा संगम :-

## (स्काउट/गाइड)

प्रादेशिक मुख्यालय : गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ

E mail : upscoutsguides@yahoo.com

Website : www.bsgup.org

फोन : 0522-4323838
9839392275

# भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र०

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org
रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

मुख्य संरक्षक
माननीय श्री राज्यपाल
उ० प्र०

उप मुख्य संरक्षक
माननीय मुख्यमंत्री
उ० प्र०

अध्यक्ष
डा०महेन्द्र सिंह
पूर्व मन्त्री "जल शक्ति"
उ० प्र०

मुख्यायुक्त
डा० प्रभात कुमार
आई० ए० एस०(से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०

**पत्रांक संख्या – संग०-59/290/2026-27** **दिनांक - 08/05/2026**

**सेवा में,**

समस्त जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

**विषय– युवा संगम आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

युवाओं में बीच आपसी सम्बन्धों को मजबूत करते हुए "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को मजबूत करने के लिए युवा संगम का आयोजन स्काउट/गाइड,रोवर/रेंजर हेतु जनपद स्तर पर किया जाना है,जिसका विस्तृत विवरण संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त युवा संगम कार्यक्रम को आप निर्धारित तिथि में जनपद स्तर पर आयोजित कराते हुए आख्या प्रदेश मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–उक्तवत।**

भवदीय

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

**प्रतिलिपि सूचनार्थ–**

1. समस्त प्रादेशिक आयुक्त(स्का0/गा0),भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
2. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
3. प्रादेशिक संगठन आयुक्त,(स्का0/गा0/आई0टी0),भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
4. प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त(स्का0/गा0), भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
5. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त,(स्का0/गा0),भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उ0प्र0।
7. समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
8. समस्त जिला संगठन आयुक्त,(स्का0/गा0),भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 को जनपद से अधिक से अधिक प्रतिभागिता कराने के सम्बन्ध में।

(डॉ0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

# युवा संगम
## (स्काउट/गाइड)

भारत स्काउट और गाइड,उत्तर प्रदेश संस्था युवाओं में साहस,स्वावलम्बन एवं सेवा भाव जागृत कर समाज तथा राष्ट्र के लिये आदर्श और चरित्रवान नागरिक तैयार करती है। भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 द्वारा संस्था द्वारा एक पहल की जा रही है,जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के जनपदों में युवाओं के बीच आपसी सम्बन्धों को मजबूत करना,सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा देना और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक समावेशन,ज्ञान साझाकरण और सार्थक बातचीत को बढ़ावा देता है,जिसमें 10 से 17 वर्ष की आयु वर्ग के स्काउट/गाइड और 16 से 25 वर्ष की आयु सीमा के रोवर/रेंजर भाग लेंगे। यह पहल युवाओं को भारत की प्राचीन संस्कृति को जानने का एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगी।

**(1) मुख्य उद्देश्य–**

1. विभिन्न प्रकार की संस्कृति ,परम्पराओं और जीवन शैली को समझना।
2. भारत की सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाना और युवाओं के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध व राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना।
3. विविधता में एकता की भावना को विकसित करना।

**(2) जनपद स्तर पर स्काउट/गाइड हेतु आयोजित युवा संगम के सम्बन्ध में दिशा निर्देश निम्नवत हैं–**

**(1) युवा संगम हेतु श्रेणी–** युवा संगम का आयोजन राजस्व जनपद हेतु 02 सम्वर्गों में किया जायेगा–

**(अ) स्काउट**

**(ब) गाइड**

**(2) युवा संगम हेतु अर्हता –**

| क्रम संख्या | सम्वर्ग | अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | स्काउट | 10 से 17 वर्ष के बीच की आयु |
| 2 | गाइड | 10 से 17 वर्ष के बीच की आयु |

**(3) युवा संगम हेतु पंजीकरण प्रक्रिया –**

1. युवा संगम में प्रतिभाग करने के लिए यूनिट का पंजीकृत एव अद्यतन नवीनीकृत होना अनिवार्य है।
2. प्रतिभागियों की बी0एस0जी0यू0आई0डी0 होना अनिवार्य है।
3. प्रतिभागियों को अपना पंजीकरण संलग्न निर्धारित आवेदन फार्म के माध्यम से करना होगा तथा यूनिट लीडर के माध्यम से आवेदन फार्म जिला संस्था में जमा होंगे।
4. प्रत्येक प्रतिभागी को युवा संगम में प्रतिभाग करने के लिए प्रदेश मुख्यालय द्वारा निर्धारित धनराशि 100/–रुपये प्रति पंजीकरण आवेदन फार्म के साथ जिला संस्था में जमा करनी होगी।

**(4) युवा संगम कार्यक्रम हेतु समिति –**

युवा संगम कार्यक्रम हेतु जनपद स्तर पर 07 सदस्यीय समिति जिलाधिकारी द्वारा निम्नानुसार गठित की जायेगी–

1. जिला विद्यालय निरीक्षक — अध्यक्ष
2. जिला मुख्यायुक्त — सदस्य
3. जिला कमिश्नर(स्का0/गा0) — सदस्य
4. जिला सचिव — सदस्य
5. जिला संगठन आयुक्त(स्का0/गा0) — सदस्य

**(5) युवा संगम का आयोजन –**

1. युवा संगम का आयोजन जनपद स्तर पर जिला संस्था द्वारा किया जायेगा।
2. जिला संस्था द्वारा युवा संगम का आयोजन 07 नवम्बर को "स्थापना दिवस" के अवसर पर किया जायेगा।
3. युवा संगम कार्यक्रम दो दिवसीय आयोजित होगा।
4. युवा संगम का समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक का होगा।
3. युवा संगम का आयोजन जिला संस्था द्वारा निर्धारित स्थल पर जनपद मुख्यालय में किया जाया जायेगा।

**(6) पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रक्रिया –**

1. जनपद स्तर पर आयोजित युवा संगम में निम्न प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त (संवर्गवार) अर्थात स्काउट और गाइड प्रतिभागियों को अलग–अलग नकद पुरस्कार जिला संस्था द्वारा दिया जायेगा–

| क्रम संख्या | विषय | पुरस्कार(सम्वर्गवार) | निर्धारित धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बी0एस0जी0 क्विज | प्रथम | 500.00 |
| | | द्वितीय | 400.00 |
| | | तृतीय | 300.00 |
| 2 | स्लोगन | प्रथम | 500.00 |
| | | द्वितीय | 400.00 |
| | | तृतीय | 300.00 |
| 3 | नृत्य नाटिका/नाटिका | प्रथम | 500.00 |
| | | द्वितीय | 400.00 |
| | | तृतीय | 300.00 |

2. प्रतियोगिताओं मे प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो/शील्ड एवं प्रमाणपत्र भी जिला तथा समस्त उपस्थित प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र जिला संस्था द्वारा दिया जायेगा।

**(7) युवा संगम के विषय** – युवा संगम में जिले स्तर पर प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों हेतु निर्धारित विषय निम्नानुसार हैं:–

**1- BSG पटल** –जिले स्तर पर आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में BSG पटल पर प्रदेश द्वारा तैयार की गई प्रेरक विडियोज इस पटल पर प्रोजक्टर के माध्यम से दिखाई जायेगीं,जिससे स्काउट/गाइड,रोवर/रेंजर को भारत स्काउट और गाइड संस्था के उद्देश्यों तथा विशेषताओं के साथ–साथ इसकी उपलब्धियों की भी जानकारी हो सके और इसके साथ ही साथ भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 की बेबसाइट के बारे में भी अवगत कराया जायेगा।

**2- स्लोगन लेखन–** किसी विषय,उद्देश्य के समर्थन में लिखा गया एक संक्षिप्त,आकर्षक और प्रेरणादायक वाक्य या वाक्यांश है। यह कम शब्दों में गहरा संदेश देने का एक माध्यम है,जो लोगों को किसी विशेष कार्य के लिए प्रेरित करने, जागरुक करने या याद करने के लिए प्रेरित करता है,जैसे–"स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत"। स्लोगन विज्ञापनों,रैलियों,पोस्टरों और सामाजिक संदेशों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**3- बी0एस0जी0ज्ञान** – बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्काउट्स/गाइड्स को भारत स्काउट और गाइड के नीति ,नियम,सिद्वान्तो के साथ–साथ विषयों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियॉ प्रदान करते हुए उनके ज्ञान में वृद्वि करना है। युवा संगम के अन्तर्गत बी0एस0जी0ज्ञान प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभाग करने वाले स्काउट्स/गाइड्स को जनपद द्वारा निर्धारित बी0एस0जी0ज्ञान हेतु ऑनलाइन प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा।

**4- नृत्य नाटिका/नाटिका** –नृत्य नाटिका एक ऐसी प्रदर्शन कला है, जिसमें किसी कहानी या कथानक को नृत्य,अभिनय,संगीत,हाव भाव और वेशभूषा के माध्यम से रंगमंच पर प्रस्तुत किया जाता है। यह एक मूक कहानी वाचन का तरीका है,जो भावनाओं और लय के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

नाटिका एक लघु या छोटा नाटक है। लघु नाटिका एक छोटा,एकल अंक का नाटक होता है जो एक ही दृश्य या घटना में किसी विषय का संक्षेप में प्रस्तुत करता है। यह मुख्य रुप से सामाजिक,सांस्कृतिक या राजनीतिक मुद्दों को कम समय सीमा में,संवाद और अभिनय के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का एक जीवन्त माध्यम है।

**मूल्यांकन–**

1. नृत्य नाटिका/नाटिका का मूल्यांकन अभिनय,संवाद,विषय वस्तु और मंचन की प्रभावशीलता के आधार पर किया जायेगा।
2. नाटक का विषय प्रासंगिक(सामाजिक,शैक्षिक,सांस्कृतिक)होना चाहिए और एक स्पष्ट संदेश देने वाला होना चाहिए।
3. पात्रों का संवाद,हाव भाव और मंच पर आत्मविश्वास के आधार पर मूल्यांकन होगा।
4. सभी पात्रों के बीच तालमेल,संवाद के दौरान उचित ठहराव और समन्वय के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।
5. मूल्यांकन पात्रों के अनुरुप वेशभूषा एंव मेकअप के आधार पर किया जायेगा।
6. लघु नाटिका का समय अधिकतम 10 मिनट होना चाहिए।

**5- एडवेंचर कार्यक्रम** – एडवेंचर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास,नेतृत्व क्षमता,शारीरिक फिटनेस और साहसिक कौशल विकसित करना है। यह "करके सीखने" के सिद्वान्त पर आधारित है,जो प्रकृति के बीच चुनौतियों का सामना करने,टीम वर्क और चरित्र निर्माण के माध्यम से उन्हें जागरुक नागरिक बनाता है।

**कार्यक्रम–** कैम्पिंग,हाइकिंग,पुल / टावर का निर्माण,चट्टानों पर चढ़ना और उतरना,नये रास्तों की खोज और मैपिंग करना आदि।

**नोट–** युवा संगम कार्यक्रम में उक्त एडवेंचर कार्यक्रमों के आयोजन का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व जिला मुख्यायुक्त एवं जनपदीय पदाधिकारियों का होगा।

**6- किम्स गेम–** स्काउटिंग / गाइडिंग में किम्स गेम एक अवलोकन बढ़ाने वाला प्रसिद्व स्मृति और अवलोकन बढ़ाने वाला खेल है,जिसका उद्देश्य याददाश्त को तेज करना है। यह खेल वेडेन पावेल के समय से स्काउटिंग / गाइडिंग में एक प्रमुख प्रशिक्षण गतिविधि रहा है। यह खेल मानव शरीर की मुख्य पॉच इंद्रियों (ज्ञानेन्द्रियों)चक्षु,श्रवण,घ्राण,स्वाद और स्पर्श पर आधारित है,जो क्रमशः ऑख,कान,नाक,जीभ और त्वचा द्वारा संचालित होती है। ये इंद्रियॉ वातावरण की सूचनाओं को मस्तिष्क तक पहुॅचाती हैं।

**उद्देश्य–** एकाग्रता, अवलोकन क्षमता और स्मृति को विकसित करना। यह खेल स्काउट्स के विवरणों पर ध्यान देने और त्वरित निर्णय लेने में मदद करता है। इस खेल के लिए 05 बेस निर्धारित किए जायेंगे, साथ ही समस्त निर्धारित बेस हेतु 02–02 बेस इंचार्ज बनाये जायेंगे। बेस इंचार्ज अपने बेस के लिए पूर्ण रुप से जिम्मेदार होंगे।

**निर्धारित 05 बेस निम्नानुसार होंगे–**

**(1) देखकर (चक्षु) द्वारा** – इसमें प्रतिभागियों के सामने एक साथ 15–20 वस्तुएॅ रखी जाती है,प्रतिभागी 01 मिनट तक वस्तुओं को देखते है,इसके बाद वस्तुओं को छिपा दिया जाता है।प्रतिभागी को स्मरण करके देखी हुई वस्तुओं को सूचीबद्व करते हुए लिखकर बेस इंचार्ज के पास जमा करना होता है। बेस इंचार्ज बेस पर रखी गई वस्तुओं की अपनी तैयार सूची के आधार पर मूल्यांकन करता है।

**(2) छूकर (स्पर्श) द्वारा** –इसमें छोटी छोटी पोटलियों में चीजो को डालकर प्रतिभागियों के सामने रखा जाता है और स्पर्श के द्वारा प्रतिभागियों को यह लिखित रुप से बताना होता है कि इसमें क्रमवार कौन सी वस्तु रखी गई है, जिसका मूल्यांकन बेस इंचार्ज द्वारा किया जाता है।

**(3) जीभ (स्वाद) द्वारा** – इसके लिए बेस पर 05 गिलासों में अलग–अलग चीजों के पेय पदार्थ तैयार करके बेस इंचार्ज रखते हैं,प्रतिभागी बेस पर रखे हुए समस्त पेय पदार्थों को उसमें रखे चम्मच की सहायता से एक एक करके अपनी जिह्वा के माध्यम से स्वाद का अनुभव करते हुए क्रमवार लिखित रुप से लिखकर बेस इंचार्ज के पास जमा करेंगे।बेस इंचार्ज अपनी क्रमवार सूची के आधार पर मूल्यांकन करेंगे।

**(4) नाक (घ्राण) द्वारा–** इंचार्ज इसमें छोटी–छोटी पोटलियों में खाने की चीजें,जैसे–मसाले इत्यादि को सॅूघकर गॅध के आधार पर प्रतिभागियों को सूचीबद्व करते हुए लिखित रुप में बेस इंचार्ज के पास जमा करना होगा। बेस अपनी तैयार की गई सूची के आधार पर मूल्यांकन करेंगे।

**(5) कान (श्रवण) द्वारा**–इसमें प्रतिभागियों को निर्धारित बेस पर विभिन्न आवाजों को सुनकर पहचानना होता है और पहचान के अनुसार किसकी आवाज है,इसको सूचीबद्व करते हुए लिखित रुप में बेस इंचार्ज के पास जमा करना होगा। बेस इंचार्ज अपनी तैयार सूची के आधार पर मूल्यांकन करेंगे।

**नोट– उपरोक्त समस्त कार्यक्रम युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किए जायेंगे।**

**(8)** जनपद स्तर पर युवा संगम कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने का उत्तरदायित्व राजस्व जनपद का होगा। जिला मुख्यायुक्त से यह अपेक्षा है कि वे अपने नेतृत्व में प्रतियोगिता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और अधिक से अधिक स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर का पंजीकरण करवायें ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागी 07 नवम्बर "स्थापना दिवस" को आयोजित युवा संगम का हिस्सा बन सकें एवं इससे लाभान्वित हो सकें।

================XXX===============

# भारत स्काउट और गाइड,उत्तर प्रदेश

## प्रादेशिक मुख्यालय,गोल मार्केट,महानगर,लखनऊ

## युवा संगम 2026–27 पंजीकरण फार्म

**1.** नाम (हिन्दी में):.................................................................................................................................

नाम(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में):......................................................................................................

**2.** पिता का नाम:......................................................................................................................................

**3.** जन्मतिथि:..........................................बी0एस0जी0यू0आई0डी0: BSG................................................
(जन्मतिथि का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

**4.** संवर्ग (स्काउट/गाइड,रोवर/रेंजर):...........................................................................................

**5.** यूनिट का नाम:.......................................................................................................................................

**6.** विद्यालय :................................................................................................................................................

.....................................................................................................................पिन कोड.......................................

**7.** जनपद:.....................................मोबाइल नम्बर.................................व्हाट्सअप नम्बर .......................

**8.** ई मेल आई०डी०:......................................................................................................................................

**9.** कक्षा (जिसमें अध्ययनरत हैं):.................................स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता.................................

**10.**शुल्क विवरण: ..........................................................................................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर | यूनिट लीडर के हस्ताक्षर

प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर | जिला सचिव के हस्ताक्षर